# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मलांजखंड, बालाघाट (म.प्र.)

## विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक (2025-26)

## दिनांक: 29/08/2025 समय: 05:00 बजे

## बैठक के कार्यवृत

MINUTES OF THE MEETING

आज दिनांक: **29/08/2025, समय: 05:00** बजे माननीय नामित अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड -सह- श्रीमान् अनुविभागीए अधिकारी की अध्यक्षता में सत्र: 2025-2026 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक का आयोजन विद्यालय में सम्माननीय अन्य सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई | जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए|

i. श्री अर्पित गुप्ता, एस डी एम, बैहर /नामित अध्यक्ष वि.प्र. समिति पीएम श्री के.वि. मलांजखंड
ii. श्री पी.के सोनकिया, शिक्षा विद्द पूर्व प्राचार्य गवर्नमेंट हाई सेकेंडरी स्कूल मोहगांव
iii. श्री गंगा प्रसाद कटरे प्राचार्य सी ऍम राइज स्कूल मलांजखंड
iv. श्री प्रहलाद पटले, अभिभावक सदस्य के.वि. मलांजखंड
v. श्री नरेन्द्र वैध, शिक्षाविद्द प्राचार्य गवर्मेंट हाई सेकेंडरी स्कूल निक्कुम मलांजखंड
vi. श्री धींरेन्द्र दत्त आर्य TGT (संस्कृत) केंद्रीय विद्यालय मलान्ज्खंड
vii. डॉ. श्री संतोष कुमार प्रसाद , प्राचार्य / सदस्य सचिव, वि.प्र.स. पीएम श्री के.वि. मलांजखंड
viii. श्री दिनेश बाघमारे , सीएमओ, नगर परिषद् मलान्ज्खंड
ix. श्रीमति ज्योति तारम, एसडीओ, पी डब्लू डी, बैहर, बालाघाट

बैठक का प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ, तदुपरांत संस्था के प्राचार्य/सचिव डॉ. संतोष कुमार प्रसाद ने सभी गणमान्य समिति सदस्यों का स्वागत किया, तदुपरांत पूर्व बैठक दिनांक **20/01/2025** की समीक्षा आख्या के साथ-साथ विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया | पूर्व बैठक के लगभग सभी बिन्दुओ पर आवश्यक कार्यवाही होने पर सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया तथा उसके उपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची में उल्लेखित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से समिति द्वरा निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

1. पूर्व बैठक दिनांक 20-01-2025 का पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई,जिसके बिंदु २ केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड को दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण हार्ड स्टेशन घोषित करने का अनुरोध पर यह निर्णय लिया गया की जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग जैसे परिवहन विभाग से, परिवहन की समस्या , अनुसूचित जनजाति विभाग से ट्राइबल एरिया में होने का प्रमाणीकरण, जिला चिकित्सा विभाग की दूरी का प्रमाण ,नक्सल प्रभावित क्षेत्र का प्रमाण ,रेलवे विभाग से स्टेशन की दूरी का प्रमाणीकरण को उपलब्ध कराने में सहमति प्रदान की गई।
2. खेलकूद मैदान में कारपेट घास लगवाने का प्रस्ताव हेतु प्राकल्लन राशी हेतु उद्यान विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।
3. सत्र 2024-25 में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मलांजखंड की सभी कक्षाओ के परीक्षा परिणाम पर परिचर्चा कर अच्छे परीक्षा परिणाम हेतु विद्यालय परिवार की सराहना की गयी |
4. सत्र 2025-26 में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मलांजखंड का कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं (विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय) में 100% परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करना है | इसी प्रकार कक्षा 9 वीं और 11 वीं (विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय) में भी परीक्षा परिणाम सुधार करना है |
5. कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं (विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय) के छात्रों को प्रतियोगिता परीक्षा (NEET/JEE/CLAT) में अच्छे परीक्षा परिणाम हेतु अन्य उच्च संस्थानों के विषय विशेषज्ञ द्वारा

मार्गदर्शन हेतु परिचर्चा की गई ,साथ ही शैक्षणिक भ्रमण के लिए NIT Raipur/JEC Jabalpur भ्रमण की परिचर्चा की गई ।

6. विद्यांजली कार्यकर्म के अंतर्गत विषय विशेषज्ञ हेतु श्री गंगा प्रसाद कटरे प्राचार्य सी ऍम राइज स्कूल मलांजखंड, एवं श्री नरेन्द्र वैध, शिक्षा विद्द प्राचार्य गवर्मेंट हाई सेकेंडरी स्कूल निक्कुम मलांजखंड एवं अन्य शिक्षाविद् द्वारा मार्गदर्शन हेतु परिचर्चा की गई
7. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मलांजखंड द्वारा उच्च विभागीय दिशा निर्देशानुसार विद्यालय के Infrastructure में संवर्धन करना एवं उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षण सामग्री उपलब्ध करने का उद्देश्य पूर्ण करना है ।
8. पीएम श्री योजना के क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया गया ।
9. शैक्षणिक गतिविधि के साथ सह -शैक्षणिक गतिविधियों पर किये जा रहे प्रयास अच्छे है, लेकिन और अधिक किये जा सकते है, इसके लिए प्रयासरत रहना है |
10. विद्यालय के प्रार्थना सभा मंच खुला होने के कारण गर्मी एवं बरसात में परेशानी का सामना करना पड़ता है अतः प्रार्थना सभा मंच में फाइबर/एसएस शीट से मानसून शेड तैयार करवाने की स्वीकृति दी जाती है । इसकी अनुमानित लागत के प्राक्कलन हेतु एस.डी.ओ. पी.डब्लू.डी. को एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अध्यक्ष, वि.प्र. समिति पीएम श्री के.वि. मलांजखंड को अनुरोध किया जाता है ।
11. स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कमेटी का गठन एवं खेल के मैदान का रख रखाव एवं विद्यालय के बाउंड्री वॉल के संरक्षण हेतु स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कमेटी का गठन किया जाना है जिसके सदस्य CMO नगरपालिका मलान्जखंड,तहसीलदार बिरसा एवं थाना प्रभारी मलान्जखंड प्रस्तावित है .
12. गेट नंबर वन के समीप कार एवं बाइक पार्किंग हेतु पार्किंग शेड तैयार करवाने हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किया जाता है ।
13. विभिन्न कक्षाओं के लिए CCTV की खरीदी हेतु अनुमानित राशि रूपये तीन लाख के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किया जाता है ।
14. विद्यालय द्वारा छात्रों के परिवहन सुरक्षा पर परामर्श को प्रेस-नोट द्वारा जारी करने का निर्णय लिया गया ।

(डॉ. संतोष कु. प्रसाद)
प्राचार्य/ सचिव
प्राचार्य / PRINCIPAL
पीएम श्री के.वि.मलांजखंड
PM SHRI KV Malanjkhand

प्रतिहस्ताक्षरित

(श्री अर्पित गुप्ता, एस डी एम, बैहर)
नामित अध्यक्ष, वि.प्र. समिति पीएम श्री के.वि. मलांजखंड
अध्यक्ष/नामित अध्यक्ष
Chairman /Nominee Chairman
वि.प्र.स.पीएम श्री के.वि.मलांजखंड
VMC PM SHRI KV Malanjkhand